तय तारीख से पहले कैसे बंद हुआ पोर्टल : हाईकोर्ट

धारनाकला नवभारत। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अब बंद हो चुकी है और लगभग सभी धान खरीदी केन्द्र से धान का उठाव भी हो चुका है किन्तु धान खरीदी केन्द्र पिपरिया मे अभी भी किसान अपनी धान को खरीदी केन्द्र रखकर विरोध प्रदर्शन कर रहे है चूकि सैकड़ो किसानो की धान समय के पहले पोर्टल बंद होने से समर्थन मूल्य पर नही बिक पाई है और इस सम्बन्ध मे किसानो के द्वारा जिला प्रशासन से पोर्टल प्रारम्भ करने की मांग तो की ही गई है वही दूसरी तरफ किसानो के द्वारा मध्य प्रदेश शासन के खिलाफ हाईकोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया गया है और यह चुनौती जनहित के माध्यम से दी गई है की समय से पहले पोर्टल कैसे बंद किया गया याचिका मे यह भी आरोप है की समय के पहले पोर्टल बंद होने से लगभग 7 सात हजार किसान अपनी धान उपज समर्थन

मूल्य मे बेचने से वंचित रह गये आरोपो की संजीदगी। को देखते हुए चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिविजन बेच ने सरकार को तीन दिन मे जवाब देने को कहा है साथ ही इसी मामले की अगली सुनवाई 25 फरवरी को होगी। उल्लेखनीय है की यह जनहित याचिका बरघाट विकास खंड के ग्राम नंदोरा निवासी किसान शिव शंकर पटले की ओर से दाखिल की गई है किसान ने अपनी याचिका मे कहा है की धान उपार्जन का कार्य विधिवत रूप से 8 से 13 जनवरी तक होना था किन्तु 8 जनवरी से पहले ही स्लाट बुकिंग के पोर्टल को बन्द कर दिया गया जिस कारण हजारो की तादाद मे पंजीकृत किसान अपनी धान समर्थन मूल्य पर बेचने से वंचित रह गये जबकि इस मामले मे छेत्रीय विधायक कमल मर्सकोले के द्वारा भी मुख्य मन्त्री को पत्र लिखकर किसानो को राहत देने की मांग की गई थी किन्तु अधिकारियो के आश्वासन तथा विधायक के आग्रह का भी कोई असर सामने नही आया तो जनहित याचिका दायर कर चुनौती दी गई है और प्रश्न अब यह भी खडा होता है खरीदी केन्द्र से जुडे किसान ही समर्थन मूल्य पर धान बेचने से वंचित कैसे रह गये यह बहूत सोचनी य और जांच का मामला है किन्तु विभागीय अधिकारी इस मामले से दूरी बनाये हुऐ है और निष्पक्ष जांच से दूर भागते नजर आ रहे है।

कहा से दर्ज हो गई हजारों क्विंटल धान पोर्टल में

एक तरफ अपनी धान समर्थन मूल्य पर न बेच पाने के आक्रोश मे स्थानीय किसान आंदोलन की राह पर खडे है तथा धान के परिवहन को रोकने के लिये भी किसानो ने ट्रक के पहिये रोक दिये वही दूसरी तरफ धान खरीदी पोर्टल पर 75 से 76 हजार क्विंटल धान पोर्टल पर कैसे दर्ज हो गई पोर्टल पल दर्ज धान का भुगतान और परिवहन भी हो गया वही किसानो का यह भी आरोप है की धान काटा होने के बाद भी उनकी धान पोर्टल पर दर्ज न हो सकी ऐसी स्थिति मे इतनी बडी मात्रा मे स्थानीय कृषक की धान के अतिरिक्त कहा की धान आ गई जबकि वास्तविकता की ओर कदम बढे तो पोर्टल पर दर्ज धान किसान तथा स्थान का पता वैसे चल जायेगा और धान खरीदी का काला सच प्रशासन तथा जनता के सामने होगा की किस तरह खरीदी केन्द्र मे धान पहुची नही और पोर्टल पर दर्ज हो जाती है और शासन से भुगतान भी हो जाता है ।

स्लॉट बुकिंग का खेल खरीदी का काला सच

उल्लेखनीय है की स्लाट बुकिंग सुविधा सरकार द्वारा किसानो के हित मे बनाई गई है ताकि किसान अपनी उपज किसी भी धान खरीदी केन्द्र मे लेजाकर बेच सके किन्तु जमीनी हकीकत स्लाट बुकिंग की कुछ और ही बया कर रही है क्योकि धान खरीदी प्रभारी तथा कुचिया व्यापारी की साठगांठ से धान खरीदी केन्द्र मे पोर्टल मे पहले ही धान पोर्टल पर दर्ज हो जाती है क्या ऐसा संभव है की वास्तविक किसान स्थानीय खरीदी केन्द्र मे अपनी उपज न बेचकर दर्जन भर धान खरीदी केन्द्र पार कर पचास किलो मीटर दूर अपनी उपज अथवा धान बेचने जायेगा और यही स्थिति धान खरीदी केन्द्रो की है जहा पहले ही पोर्टल पर बाहर के किसानो के नाम पर पोर्टल पर धान दर्ज हो गई और भुगतान भी समय हो गया और यह सारी सच्चाई पोर्टल पर दर्ज है किन्तु किसानो के हित भे विभागीय अधिकारी सही दिशा की ओर कदम रखते दिखाई नही दे रहे है और यह धान खरीदी का काला सच जरूर सामने आयेगा जब धान खरीदी पोर्टल की निष्पक्ष जांच हो की कैसे 30 से 35 हजार क्विंटल धान खरीदी का केन्द्र एक लाख क्विंटल धान खरीदी केन्द्र आंकडे को पार कर गया वही स्थानीय कृषक कैसे अपनी उपज समर्थन मूल्य मे बेचने से वंचित रह गये ।

गोवर्धन ' पूजा का वास्तविक अर्थ है गौ और प्रकृति का संरक्षण

श्रीमद् भागवत के पंचम दिवस पं. नवीनकृष्ण ने भगवान की बाल लीलाओं का किया वर्णन

केवलारी नवभारत। मां बड़ी खेरमाई मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथावाचक नवीन कृष्ण दुबे जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं,माखन चोरी और गोवर्धन पूजा का आध्यात्मिक एवं सामाजिक महत्व विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि 'गोवर्धन' का वास्तविक अर्थ है गो संवर्धन अर्थात गौ माता और प्रकृति का संरक्षण एवं संवर्धन।

महाराज ने कहा कि श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत इसीलिए उठाया था कि संसार को यह संदेश दिया जा सके कि पृथ्वी पर फैली बुराइयों का अंत केवल प्रकृति संरक्षण और गो संवर्धन से ही संभव है। उन्होंने बताया कि जब इंद्र के क्रोधित होने पर ब्रजभूमि पर संकट आया, तब श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर समस्त ब्रजवासियों की रक्षा की। इस कार्य में ब्रजवासियों ने भी अपना-अपना सहयोग प्रदान किया, जो सामूहिक एकता और विश्वास का प्रतीक है।

कथावाचक ने श्रद्धालुओं को निष्काम कर्म का संदेश देते हुए कहा कि यदि हम बिना कर्म किए फल की अपेक्षा करेंगे तो सफलता कभी प्राप्त नहीं होगी। कर्म करना ही मानव जीवन का धर्म है। श्रीकृष्ण ने राक्षसों का अंत कर ब्रजवासियों को सामाजिक कुरीतियों से मुक्त किया और जीवन को धर्ममय बनाने का मार्ग दिखाया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में गिरिराज पर्वत की आकर्षक झांकी सजाई गई तथा छप्पन भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। भक्तगण भक्ति भाव से कथा श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं।

कथा के आयोजक नवदुर्गा महिला मंडल ने जानकारी दी कि छठवें दिवस 22 फरवरी को भगवान श्रीकृष्ण एवं माता रुक्मणि के विवाह उत्सव का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा, जिसमें राधा-कृष्ण की सुंदर झांकियों के दर्शन होंगे। 23 फरवरी को सप्तम दिवस पर सुदामा चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष की कथा के साथ फूलों की होली का आयोजन होगा। अष्टम दिवस 24 फरवरी को पूजन, हवन, पूर्णाहुति एवं भंडारा प्रसादी के साथ कथा का समापन किया जाएगा।

नवदुर्गा महिला मंडल ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

एक नजर में

आदिवासी विकास परिषद की बैठक आयोजित

सिवनी। आदिवासी विकास परिषद् छात्र प्रभाग, की ब्लॉक स्तरीय बैठक लखनादौन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस बैठक में जिला अध्यक्ष राजेंद्र कोड़ोपे, श्वेताक तनु इनवाती, संजय वट्टी (सोशल मीडिया फाउंडर, आदिवासी कम्युनिटी इंडिया), सामाजिक कार्यकर्ता प्रशांत उईके (जिला कार्यवाहक अध्यक्ष), शिवम उईके एवं सुमित उईके सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं छात्र साथी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सदस्यता अभियान को तेज करने, अधिक से अधिक छात्र साथियों को संगठन से जोड़ने तथा छात्र हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही छात्रों की समस्याओं के समाधान, उनके अधिकारों की रक्षा तथा संगठन को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर सर्वसम्मति से दीपक कुमरे को जिला महामंत्री पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। लखनादौन के सभी छात्र साथियों की सक्रिय उपस्थिति ने संगठन की एकता और मजबूती का परिचय दिया। यह बैठक आदिवासी छात्र समाज के संगठन, जागरूकता एवं नेतृत्व को और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

कोठिया-बिहिरिया में श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ आज से

सिवनी। जिले के कोठिया एवं बिहिरिया ग्राम में आगामी 22 फरवरी से 28 फरवरी तक सार्वजनिक संगीतमय श्रीमद्भागवत पुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन श्री सिद्ध हनुमान जी मंदिर प्रांगण, गुरुधाम (दिघोरी) में संपन्न होगा। आयोजन समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रतिदिन दोपहर 1:30 बजे से कथा का शुभारंभ होगा, जो हरि इच्छा तक चलेगी। कथा का वाचन प्रसिद्ध कथाव्यास पंडित अनुजाचार्य जी (तिघरा वाले) द्वारा किया जाएगा, जिनकी संगीतमय शैली में भागवत कथा श्रवण करने के लिए क्षेत्र के श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। सप्ताह भर चलने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान के समापन पर 1 मार्च 2026 को पूर्णाहुति एवं महाप्रसाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

उदय पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं को मिली साइबर सुरक्षा की जानकारी

सिवनी नवभारत। साइबर अवेयरनेस पर उदय पब्लिक स्कूल में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया,इस कार्यक्रम में सिवनी जिले के पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा शामिल हुए, कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र/छात्राओं को साइबर सुरक्षा के महत्व और ऑनलाइन फ्राड से सुरक्षित रहने के तरीकों के बारे में जागरूक करना था।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम में छात्रों को साइबर अपराध, ऑनलाइन सुरक्षा, और साइबर बुलिंग से बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। छात्रों को साइबर सुरक्षा के बुनियादी नियमों, सोशल मीडिया सुरक्षा, फिशिंग और स्कैम से बचाव, और ऑनलाइन एथिक्स के बारे में बताया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता ने कहा, आज के डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। छात्रों को ऑनलाइन सुरक्षित रहने के तरीकों के बारे में जागरूक करना हमारी जिम्मेदारी है।

प्रोग्राम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा द्वारा बताया गया कि किस तरह अपराधी साइबर फ्रॉड को अंजाम देते हैं और भोले भाले व्यक्तियों से ऑनलाइन फ्रॉड के माध्यम से खाते की रकम निकाल लेते हैं इससे बचाव के तरीके के बारे में बताया गया। साइबर सेल के अधिकारी देवेंद्र जायसवाल द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारी वर्ग, टीचर्स, एवं छात्र-छात्राओं को विस्तृत रूप से साइबर क्राइम के बारे में बताया।

लिपिक कर्मचारी संघ के वरिष्ठ उप प्रांताध्यक्ष बने राकेश बघेल

सिवनी। मध्यप्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिले के युवा कर्मचारी नेता राकेश बघेल को संघ का वरिष्ठ उप प्रांताध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संघ के प्रांताध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी द्वारा संगठन के संविधान में प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए की गई है। उत्तर सामान्य वन मंडल में मुख्य लिपिक के पद पर पदस्थ राकेश बघेल वर्तमान में कर्मचारी कांग्रेस के संभागीय अध्यक्ष है । पूर्व में उनके द्वारा वन कर्मचारी संघ की जिला इकाई से लेकर प्रदेश इकाई तक में विभिन्न पदों पर रहकर दायित्वों का निर्वाहन किया जा चुका है ।

आज कलश शोभा यात्रा के चलते शहर में यातायात व्यवस्था में रहेगा बदलाव

सिवनी नवभारत। आज रविवार को आयोजित होने वाली कलश शोभा यात्रा के मद्देनजर शहर की यातायात व्यवस्था में अस्थायी परिवर्तन किया गया है। आमजन की सुविधा एवं शोभायात्रा के सुचारु संचालन के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया जाएगा। दोपहर 12:00 बजे से आगामी आदेश तक छिंदवाड़ा, नागपुर एवं कंटगी मार्ग से आने-जाने वाली बसें नगझर बायपास होते हुए बस स्टैंड तक पहुंचेंगी और इसी मार्ग से वापस जाएंगी। वैकल्पिक रूप से छिंदवाड़ा ब्रिज बायपास से भी संचालन किया जाएगा। छिंदवाड़ा चौक की ओर बसों का प्रवेश पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। कलश शोभा यात्रा के दिन सुबह 7:00 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक शहर में भारी एवं मालवाहक वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। कलश यात्रा के दौरान मठ मंदिर से दुर्गा चौक, शुक्रवारी चौक, नेहरू रोड, नगरपालिका चौक, शंकरमडिया होते हुए छिंदवाड़ा चौक तक यातायात का अत्यधिक दबाव रहने की संभावना है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने आवश्यक कार्यों के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें तथा उक्त मार्गों पर चार पहिया वाहनों के उपयोग से बचें। प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह किया है।

कातलबोड़ी ग्राम में दिव्य शिक्षा आदर्श समिति की सेक्टर बैठक आयोजित, प्रस्फुटन समितियां के साथ विस्तृत चर्चा

सिवनी नवभारत। दिव्या शिक्षा आदर्श समिति द्वारा सेक्टर गोपालगंज ब्लॉक सिवनी जिला सिवनी की बैठक का आयोजन ग्राम कातलबोड़ी में किया गया।इस बैठक में विभिन्न प्रस्फुटन समितियो के पदाधिकारी सदस्य एवं जिला समन्वयक श्री सौरभ शुक्ला जी मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सिवनी का मार्गदर्शन एवं ब्लॉक समन्वयक श्रीमती मोनिका चौरसिया जी की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा ,सामाजिक जागरुकता, और संगठनात्मक सशक्तिकरण को लेकर सामूहिक रणनीति तैयार करना था । बैठक की अध्यक्षता समिति के

अध्यक्ष द्वारा की गई तथा संचालन सेक्टर प्रभारी ने किया। शासन की योजनाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण रणनीति के साथ लोगों तक पहुंचाने में समितियो की भूमिका प्रत्येक ग्राम स्तर पर सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर महिला एवं युवा सशक्तिकरण ,जैविक खेती, नर्सरी तैयार करना, जलस्त्रोतों की साफसफाई आदि योजनाओं का प्रस्ताव मासिक कार्य प्रतिवेदन सभी समितियो की नियमित रिपोर्टिंग एवं पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक को सफल बनाने में प्रस्फुटन समितियां कारीरात ,गोपालगंज , पीपरडाही, सुकवाह , कातलबोडी आदि के सदस्य श्रीमती माया भलावी,रजनी मर्सकोले,प्रमोद कनोजिया, द्रोपति साहू, रवि अवधिया,रवि चंद्रवंशी, टीकाराम साहू,आनंद साहू,योगेश सनोदिया, पित रु भलावी, मेंटर्स सुधीर सिंह ठाकुर आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

कलेक्टर ने किया संजय सरोवर बांध का निरीक्षण

छपारा नवभारत। कलेक्टर शीतला पटले ने शुक्रवार 20 फरवरी को भीमगढ़ पहुंचकर संजय सरोवर बांध भीमगढ़ डेम का निरीक्षण किया। उन्होंने जलाशय में उपलब्ध जल संग्रहण की स्थिति का अवलोकन किया तथा किसानों को सिंचाई हेतु की जा रही जलापूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली।

वहीं मौके पर उपस्थित कार्यपालन यंत्री पी.एन. नाग से ग्रामवार सिंचाई के लिए पहुंचे पानी का विवरण लिया और जिन क्षेत्रों में आपूर्ति कम है, वहां प्राथमिकता के आधार पर सुधारात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही जलाशय से जुड़ी नहरों की नियमित मॉनिटरिंग कर अंतिम छोर के किसानों को समय

पर पानी उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने आगामी ग्रीष्मकाल को देखते हुए विशेष निर्देश दिए कि बांध के जल से संचालित पेयजल योजनाओं में सतत जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक जल स्तर बनाए रखा जाए। इसके लिए निरंतर मॉनिटरिंग करने को कहा गया। उन्होंने जल संसाधन विभाग, नगरपालिका एवं जल निगम को संयुक्त रूप से समन्वय बनाकर नियमित निगरानी करने और आवश्यकतानुसार त्वरित निर्णय लेने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

कोतवाली पुलिस ने लापता नाबालिग बालक को चंद घंण्टों में किया दस्तयाब

सिवनी नवभारत। कोतवाली पुलिस द्वारा नाबालिक बालक बालिकाओं के अपहरण/लापता की रिपोर्ट पर त्वरित कार्यवाही करते हुए लगातार दस्तयाब कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया जा रहा है। इसी क्रम में 19/02/2026 को प्रार्थिया लापता के पिता व्दारा नाबालिग बालक उम्र 9 वर्ष पता विवेकानंद वार्ड सिवनी ने थाना कोतवाली आकर सूचना दिया की उनका पुत्र शिवराज यादव पिता मुरलीधर यादव दोपहर लगभग 2.00 बजे से घर से लापता हो गया है। उक्त प्रार्थी की सूचना पर तत्काल लापता बालक की तलाश पतासाजी हेतु थाना स्तर पर अलग -अलग टीम गठित कर संभावित स्थानों पर लापता की तलाश पतासाजी की

जाकर लापता को चंद घंण्टो में दस्तयाब कर परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया है।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी, सउनि प्रमोद मालवी, आर. रविशंकर सोनी, मिथलेश उईके, सतीश इवनाती, सिध्दार्थ दुबे की विशेष भूमिका रहीं हैं।

बोर्ड परीक्षाओं के बीच डीजे बजाना पड़ा भारी, छपारा पुलिस ने डीजे किया जब्त

छपारा नवभारत। वर्तमान में चल रही बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए प्रशासन द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्रों (डीजे) पर लगाए गए प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों पर छपारा पुलिस ने सख्त रुख अपना लिया है। पुलिस ने नियमों की अनदेखी करने वाले एक डीजे संचालक के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए डीजे सिस्टम और वाहन को मौके से जब्त कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार, प्रशासन ने परीक्षाओं के दौरान छात्रों की पढ़ाई में व्यवधान न हो, इसके लिए डीजे के उपयोग पर कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके बावजूद, शुक्रवार 20 फरवरी की रात्रि को थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बिजना निवासी



अजय झारिया पिता दर्शन झारिया 27 वर्ष, द्वारा प्रतिबंध का उल्लंघन कर डीजे बजाया जा रहा था।

शिकायत मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुँचकर कोलाहल अधिनियम की धारा 7/15 के तहत मामला पंजीकृत किया और डीजे सहित वाहन को अपने कब्जे में ले लिया। थाना प्रभारी खेंमेंद्र कुमार जैतवार ने बताया कि बीते 15 फरवरी को नगर के समस्त डीजे संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में स्पष्ट रूप से प्रशासनिक निर्देशों से अवगत कराते हुए नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई थी।

डीजे संचालक पर कोतवाली पुलिस की कार्यवाही, डीजे सिस्टम जब्त

सिवनी नवभारत। थाना कोतवाली सिवनी पुलिस द्वारा वर्तमान में आयोजित बोर्ड परीक्षाओं, छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय रहवासियों की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए लॉन संचालकों के द्वारा बिना अनुमति निर्धारित समयावधि उपरांत भी तेज आवाज में शहर में डी.जे.बजाने, नियमों का उल्लंघन करने वाले डीजे संचालक पर कार्यवाही के दौरान 20 फरवरी को मिलन लॉन के सामने सिवनी में बिना अनुमति संचालित करते जाने पर 01 डी.जे. साउंड सिस्टम के संचालक पर धारा 7/15 कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए डी.जे. साउंड सिस्टम मय वाहन के जप्त करते हुए अपराध पंजीबध्द किया गया है। इससे पूर्व भी कोतवाली सिवनी पुलिस द्वारा 02 दिवस पूर्व महामाया लॉन भैरोगंज के सामने एवं प्रकाश नगर सिवनी में बिना अनुमति तेज आवाज में डी.जे. साउंड सिस्टम बजाते पाये जाने पर डीजे संचालकों कोलाहक अधिनियम के तहत पृथक-पृथक अपराध पंजीबध्द किया गया था। पुलिस ने रामअवतार गेन्डरे पिता स्व0 राजकुमार गेन्डरे उम्र 19 साल निवासी ग्राम हनोदा थाना पदनाभपुर जिला दुर्ग छत्तीसगढ के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध कर पिकअप वाहन सहित 6 बक्से, एमली मशीन, 08 चोंगा, 03 नग डिस्को लाईट, जनरेटर जप्त किया है।

कार्यालय ग्राम पंचायत जनमखारी

सर्व धर्म को सूचित किया जाता है की ग्राम पंचायत जन्म खारी मे, पुराना क्षतिग्रस्त भवन दिनांक 23/02/26 को शासकीय प्राथमिक शाला का पुराना भवन की खिड़की दरवाजे व पुरानी मोटर पाइप लोहा वह पुराने पानी के टैंकर की नीलामी होना है

ग्राम पंचायत भवन जन्म खारी में सर्वसधारण को सूचनानर्य हेतु

भरल पटले-
ग्राम पंचायत सचिव
श्रीमती निधि मरावी
सरपंच

कार्यवाही 8 जुआरियों एवं 4 सटोरियें गिरफ्त में, कर्वे कालोनी गंज मोहल्ला, सब्जी मंडी, रेल्वे स्टेशन के सामने, प्रायवेट बस स्टेण्ड के पीछे हुई कार्यवाही

जुआरियों एवं सटोरियों पर कोतवाली पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही

सिवनी नवभारत। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता जुआ-सट्टा एवं अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त है जो के नेतृत्व में समय- समय पर कोतवाली पुलिस द्वारा जुआ-सट्टा रेड़ कार्रवाई की जाती रही हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सचिन परते के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा जुआरियों एवं सटोरियों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कर्वे कालोनी गंज मोहल्ला, ईदगाह मस्जिद के सामने सब्जी मंडी, रेल्वे स्टेशन के सामने मेन रोड, प्रायवेट बस स्टेण्ड के पीछे जेलबाडी के पास अवैध रुप से सट्टा पट्टी लिख रहे 04 सटोरियों एवं जुआ खेल रहे 08 जुआरियों को घेराबंदी कर रेड़ कार्रवाई करते हुए धर दबोचा।

उल्लेखनीय है कि 19 फरवरी मुखबिर सूचना पर सूफी नगर सिवनी एवं रेल्वे स्टेशन तिलक वार्ड में तांस के पत्तो पर रुपयों का

दाव लगाकर हार जीत का खेल रहे है जो तत्काल टीम गठित कर घेराबंदी कर दबिश देकर दो अलग अलग 02 जुआ फड से कुल 08 जुआरियों को पकड़ने में सफलता हासिल हुई जुआरियों के पास से कुल नकदी 3000 रुपये एवं 52 तास के पत्ते मिलने पर विधिवत् जप्त कर 02 जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबध्द किया गया।

इसी प्रकार दिनांक 19/02/2026 एवं 20/02/2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कर्वे कालोनी गंज मोहल्ला, ईदगाह मस्जिद के सामने सब्जी मंडी में कुछ व्यक्ति अवैध रूप से सट्टा पट्टी लेख कर अवैध रूप से लाभ अर्जित कर रहे है कि सूचना पर टीम गठित कर रेड कार्यवाही की जाकर 04 सटोरियों को पकडने में सफलता प्राप्त हुई जिनके पास से कुल 3230 रुपये नकदी एवं सट्टा पट्टी प्राप्त होने पर विधिवत् जप्त किया जाकर अलग अलग 04 सट्टा एक्ट के प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है।

पकड़े गये जुआरियों में जफर खान पिता हनीफ खान उम्र 32 साल निवासी भगतसिहं वार्ड सिवनी, शैलेन्द्र कुल्हाडे पिता नेतराम कुल्हाडे उम्र 38 साल नि. महाराज बाग भैरोगंज, हेमंत कुमार साहू पिता हीरालाल साहू उम्र 50 वर्ष निवासी आर्चीपुरम कालोनी, पवन उर्फ दीपक पितावडामी यादव उम्र 35 साल निवासी कंटगी नाका, प्रमोद पिता सुनील यादव उम्र 19 साल निवासी कंटगी नाका, विक्की पिता विजय बंजारा उम्र 30 साल निवासी रानी दुर्गावती वार्ड, नितिन उर्फ विक्की पिता विजय बंजारा उम्र 26 साल निवासी रानी दुर्गावती वार्ड, गीतांश परमार पिता स्व दिनेश परमार उम्र 25 साल निवासी ग्राम मरझौर थाना कोतवाली शामिल है।

इसी तरह पुलिस ने सटोरियो के विरूद्ध भी कार्यवाही की है जिनमें रेखनलाल नायक पिता चेनूसिंह नायक उम्र 47 साल निवासी बाम्हनदेही थाना डूण्डासिवनी, गोपाल सुलखिया पिता बालकृष्ण सुलखिया उम्र 29 वर्ष नि. भगवती नगर किदवई वार्ड, विनोद कुमार गोखे पिता परसराम गोखे उम्र 50 वर्ष निवासी आजाद वार्ड, रोशन यादव पिता अम्मू यादव उम्र 65 वर्ष निवासी डोरली छतरपुर थाना डुण्डासिवनी शामिल है। पुलिस ने जुआ एक्ट में 3000 रुपये नकदी एवं 52 तास के पत्ते एवं सट्टा एक्ट की नकदी रकम 3230 रुपये एवं सट्टा पर्ची जप्त की है।

इस कार्यवाही में निरीक्षक सतीश तिवारी, सउनि जयदीप सेंगर, प्र.आर. मनोज पाल, मुकेश गोडाने,. आर प्रदीप चौधरी, सुधीर डहेरिया, सौरभ ठाकुर, लोकेश सरयाम, पंकज सोलंकी, रत्नेश कुशवाहा, रविन्द्र डहेरिया, सतीश इनवाती, सिध्दार्थ दुबे की सराहनीय भूमिका रही।

कार्यालय कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण जिला - सिवनी (म.प्र.)

निविदा सूचना

आपदा प्रबंधन संबंधी गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर आपदा के क्षेत्र में अनुभव रखने वाली स्थानीय स्वयंसेवी संस्था को नोडल संस्था के रूप में नामांकित किया जाना है, इस हेतु स्वंयसेवी संस्थाओं से अनुरोध प्रस्ताव निविदा जारी दिनांक से 14 दिवस के भीतर अनुरोध प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते है।

स्वंयसेवी संस्थाओ हेतु नियम व शर्ते निम्नानुसार है :-

01. संस्था का पंजीयन मध्यप्रदेश सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिकरण अधिनियम 1973 के अन्तर्गत होना चाहिए।
02. संस्था को सिवनी जिले में कार्य करनें का कम से कम 3 वर्षो का अनुभव होना चाहिए।
03. जिला स्थानीय स्तर पर सामुदायिक कार्यक्रम के आयोजन का अनुभव होना आवश्यक है।
04. स्वंयसेवी संस्था का विगत 5 वर्षो का वार्षिक लेखे के किसी तीन वर्ष का औसत वार्षिक टर्न ओवर कम से कम 10 लाख रुपए होना आवश्यक है।
05. संस्था को आपदा प्रबंधन क्षेत्र में कार्य करनें का अनुभव हो। इच्छुक संस्थाएं उपरोक्त चाहे गए दस्तावेजो के साथ निर्धारित तिथि के अंदर अपना अनुरोध प्रस्ताव कार्यालय डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट होमगार्ड सिवनी में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् अनुरोध प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जावेंगें।